गोरखपुर से प्रकाशित

RNI Reg. NO. UPBIL/2023/87841

साप्ताहिक

# स्वदेशी इनक्रेडिबल

Web:www.sinews.in/E-mail: info@sinews.in

सिर्फ सच के साथ...

वर्ष : 03 अंक: 28 | गोरखपुर रविवार 04 जनवरी 2026 | मूल्य- 02 रूपया | पृष्ठ - 8

## न्यूज

### कांग्रेस 8 फरवरी से मनरेगा बचाओ संग्राम की करेगी शुरूआत

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। मनरेगा को लेकर अब कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ आर पार की तैयारी कर ली है। पार्टी देशव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू करने जा रही है जो 45 दिनों तक चलेगा। इस दौरान न सिर्फ सभी राज्यों में प्रदेश स्तरीय बैठकें आयोजित होंगी बल्कि मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी हर एक ग्राम प्रधान को चिट्ठी भी लिखेंगे। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रवक्ता जयराम रमेश ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर इस अभियान का रोडमैप शेयर किया।

### दिल्ली-एनसीआर की हवा हुई साफ

नयी दिल्ली। राजधानी में शनिवार सुबह हवा की स्थिति में मामूली सुधार दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सुबह के समय घने कोहरे के कारण श्येलो अलर्टश जारी किया। इस कोहरे के कारण दृश्यता प्रभावित रही। सुबह करीब आठ बजे राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 235 दर्ज किया गया। दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई 248, रोहिणी में 270, आईटीओ में 219, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा में 148 दर्ज किया गया। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को खराब मौसम के कारण 72 उड़ानें रद्द रहीं और 300 से अधिक की उड़ानों की आवाजाही में देरी हुई।

### कौशांबी में गंगा तट पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

कौशांबी। कौशांबी जिले में विभिन्न गंगा घाटों पर शनिवार को पौष पूर्णिमा पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भारी गलन और ठंड के बावजूद दोपहर तक दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। पौष पूर्णिमा से पौष माह का समापन और माघ मास स्नान की शुरूआत हो गई। पौष पूर्णिमा के अवसर पर आज तड़के से ही श्रद्धालुओं का शीतला देवी धाम कड़ा के कुबरी गंगाघाट में आगमन शुरू हुआ जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होने लगी। लोगों ने गंगा में स्नान के बाद फूलमाला दूध, धूप दीप से गंगा मैया की पूजा किया। अधिकांश श्रद्धालु गंगा-स्नान के पश्चात शीतला देवी मंदिर पहुंच कर माथा टेका देवी दर्शन कर पूजा अर्चना किया।

### जीतू पटवारी ने इंदौर मामले में सरकार को दी कड़ी चेतावनी


भोपाल। मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी से हो रही मौतों का आकंड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। 15 से ज्यादा मौतों की जानकारी सामने आई है हालांकि आधिकारिक पुष्टि 6 की हुई है। भागीरथपुरा में हुई इस त्रासदी ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इंदौर के दो बीजेपी नेताओं जिनमें नगरीय प्रशासन विभाग के मंत्री और स्थानीय विधायक कैलाश विजयवर्गीय और इंदौर मेयर पुष्यमित्र भार्गव की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बड़ी मांग रखते हुए सरकार को कड़ी चेतावनी दी है। जीतू पटवारी ने दो टूक कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को कैलाश विजयवर्गीय से इस्तीफा लेना चाहिए।

**बुद्ध अवशेष प्रदर्शनी का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन**

# कहा, महात्मा बुद्ध से जुड़े स्थलों, अवशेषों का संरक्षण सरकार की प्राथमिकता

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि महात्मा बुद्ध से जुड़े जो भी स्थल हैं उनका संरक्षण और विकास करना सरकार की प्राथमिकता है। वह महात्मा बुद्ध से संबंधित अवशेषों की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के यहां आयोजित उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा कि सवा सौ साल के इंतजार के बाद महात्मा बुद्ध से जुड़ी भारतीय धरोहर और विरासत वापस लौटी है और अब भारतीय जनमानस इन पवित्र अवशेषों का दर्शन करके उनका आशीर्वाद पा सकेगा। उनका कहा कि 2026 की शुरूआत में ही यह उनके लिए बहुत प्रेरणादायक अवसर है कि उनके पहले सार्वजनिक कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बुद्ध के चरणों से हो रही है। प्रधानमंत्री जिस प्रदर्शनी का उद्घाटन कर रहे थे उन पवित्र अवशेषों में कुछ हड्डियां भी हैं और माना जाता है कि ये भगवान बुद्ध की हड्डियों के अवशेष हैं। ये अवशेष ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी के एवं प्राचीनतम माने जाते हैं। इस भव्य प्रदर्शनी में 127 साल बाद पवित्र पिपरहवा की वापस लाई गई वस्तुएं रखी गई हैं। प्रदर्शनी का नाम प्रकाश और कमल जागृत व्यक्ति के अवशेष रखा गया है। मोदी ने समारोह में कहा कि करोड़ों लोगों ने इन पवित्र अवशेषों का दर्शन किए हैं और ये



अवशेष पूरी दुनिया को नयी राह दिखाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत केवल इन अवशेषों का संरक्षक नहीं है बल्कि उनके संदेशों का जीवंत प्रवाह भी है। उन्होंने कहा कि भारत का प्रयास रहता है कि दुनिया में जो स्थल भगवान बुद्ध से जुड़े हैं उनके विकास में भारत सहयोग करे। मोदी ने कहा कि उनका जन्म स्थान भी बौद्ध परंपरा का बड़ा केंद्र रहा है और आज सरकार इन स्थलों का संरक्षण भी कर रही है। अभी जम्मू कश्मीर में बौद्ध काल की परंपरा का पता चला है और उसके संरक्षण का काम भी सरकार कर रही है। श्रावस्ती, सांची, अमरावती, नागार्जुन सागर जैसी जगहों में बौद्ध विरासत का संरक्षण और विकास किया जा रहा है। उनका कहना था कि महात्मा बुद्ध के संदेश पालि भाषा में थे।

## असम चुनाव 2026 दलों में नहीं, जनता और 'राजा' के बीच की लड़ाई है : गौरव गोगोई




**एजेंसी**

नई दिल्ली। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने कहा कि 2026 के असम विधानसभा चुनाव अभूतपूर्व होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुकाबला राजनीतिक दलों के बीच नहीं बल्कि असम की जनता और जिसे उन्होंने "स्वयं को राजा समझने वाला" कहा, उसके बीच होगा। उन्होंने कहा कि जिस 'राजा' का वे जिक्र कर रहे हैं, उसकी पहचान जनता को सर्वविदित है। एक जनसभा को संबोधित करते हुए गोगोई ने कहा कि विपक्षी दल जनता के बीच व्याप्त आक्रोश और हताशा से अवगत हैं और इसलिए वे उनके साथ एकजुट होकर खड़े हैं। गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल द्वारा वित्तीय प्रलोभनों, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और चुनावी कानूनों के कथित उल्लंघन के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयासों के बावजूद, असम की जनता निर्णायक प्रतिक्रिया देगी। उन्होंने कहा कि असम की जनता एकजुट होकर देश को एक सशक्त संदेश देगी कि धन, बल, अहंकार, धमकियाँ और विभाजनकारी राजनीति जनता की गरिमा को कुचल नहीं सकती।

## भाजपा को आरएसएस कंट्रोल नहीं करता : भागवत

**एजेंसी**

भोपाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा या विश्व हिंदू परिषद के नजरिए से आरएसएस को समझना गलत है। सभी स्वतंत्र रूप से काम करते हैं और संघ किसी (भाजपा) को कंट्रोल नहीं करता। संघ का उद्देश्य सत्ता, टिकट या चुनाव नहीं, बल्कि समाज की गुणवत्ता और चरित्र निर्माण है। भोपाल में RSS के 100 साल पूरे होने पर आयोजित "प्रमुख जन गोष्ठी" में बोलते हुए भागवत ने कहा कि हम वर्दी पहनते हैं, मार्च निकालते हैं और लाठी का अभ्यास करते हैं। ऐसे में अगर कोई सोचता है कि यह एक पैरा मिलिट्री फोर्स है तो यह एक गलती होगी।



## अबार जितबे बांग्ला यात्रा ने बदला बंगाल का सियासी समीकरण !

**एजेंसी**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में 2026 विधानसभा चुनावो को लेकर सियासी पारा हाई हो गया है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी ने दक्षिण 24 परगना के बरुईपुर से अपने व्यापक राज्यव्यापी अभियान "अबार जितबे बांग्ला" (बंगाल फिर जीतेगा) का आगाज किया। 1 महीने तक चलने वाली इस यात्रा का पूरा फोकस विधानसभा चुनाव पर होगा। इसके पहले दिन अभिषेक बनर्जी ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा, तो साथ ही बड़ी चेतावनी भी दे दी है।अभियान की शुरूआत करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा-ष्अभी तो मैं सबसे आगे चल रहा हूं... सोचिए, जब खुद ममता दी इस लड़ाई को लीड करेंगी, तो क्या तहलका मचेगा !इस दौरान अभिषेक बनर्जी ने सरकार पर आर्थिक भेदभाव का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों से बीजेपी सरकार ने (मनरेगा) का भुगतान रोक रखा है।



## सम्पादकीय...

# मेहनतकशों की बेकद्री

बाजार आने-जाने के झंझट से बचा लोगों के घरों में तुरत-फुरत जीवन उपयोगी सामान पहुंचाने वाले गिग-वर्कर्स की जटिल कार्यपरिस्थितियां और पसीने का मोल न मिलना, बेहद चिंता की बात है। अपना व परिवार का पोषण करने वाले ये युवा अकसर सरपट मोटरसाइकिल दौड़ाते और सीढ़ियां चढ़कर ऊंची मंजिलों में दरवाजों तक सामान पहुंचाते देखे जा सकते हैं। बेहद कम मेहनताने, कंपनी मालिकों के दबाव व ग्राहकों की उपेक्षा झेलते गिग वर्कर्स ने नये साल की पूर्व संध्या पर हड़ताल करके अपनी बदहाली को ही उजागर किया है। संवेदनशील कार्य परिस्थितियों और नौकरी की असुरक्षा के चलते गिग-वर्कर्स हड़ताल पर थे। हालांकि, नये साल पर काम के दबाव व पूरी तरह संगठित न होने के कारण इनकी हड़ताल का कुछ ही इलाकों में असर देखा गया। पूरे देश में सामान की आपूर्ति बाधित हुई हो, ऐसा भी कोई समाचार नहीं मिला है। लेकिन गिग-वर्कर्स की विषम कार्य-परिस्थितियों की ओर पूरे देश का ध्यान जरूर गया है। पिछले दिनों आप के राघव चड्ढा और राजद के मनोज कुमार झा जैसे सांसदों ने गिग वर्कर्स के शोषण का मुद्दा संसद में उठाया था। निस्संदेह, देश की गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार सृजन में अपनी क्षमता साबित की है। विडंबना है कि भारत युवाओं को देश का कहा जाता है, लेकिन हम उनकी आकांक्षाओं का रोजगार नहीं दे पा रहे हैं। दरअसल, गिग-वर्कर्स की प्रमुख मांग है कि उनके काम का बेहतर भुगतान हो और उनके लिये बेहतर कामकाजी परिस्थितियां बनायी जाएं। उनकी इस हड़ताल ने इन मुद्दों पर देश का ध्यान खींचा है। लेकिन देश के प्रमुख खाद्य वितरण करने वाली कंपनी ने 31 दिसंबर को इस हड़ताल के बावजूद ऑर्डर में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की। वहीं थके-हारे बाइकर्स अपनी अनगिनत शिकायतें व्यक्त करते रहे। दरअसल, विडंबना यह है कि खूब काम लेने के बावजूद गिग-वर्कर्स को पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी के दायरे से बाहर आजीविका कमाने वाले व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया जाता है। दरअसल, गिग-वर्कर्स को नई अर्थव्यवस्था में नियोक्ता एक कर्मचारी के रूप में नियुक्त करने के दायित्व से बचने का प्रयास करते हैं। लेकिन नियोक्ताओं की हायर व फायर की रणनीति के चलते, वे असुरक्षित कार्य परिस्थितियों में काम करने को बाध्य होते हैं। इसके बावजूद वे आज शहरी जीवन व्यवस्था के लिये अभिन्न अंग बन गए हैं। लोगों की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दौड़ते रहते हैं। वे सामान दस मिनट तक दरवाजे पर पहुंचाने के दबाव में हांफते-भागते, मोटरसाइकिल दौड़ाते और सीढ़ियों पर सामान चढ़ाते अकसर नजर आते हैं। आम तौर पर उपभोक्ताओं का व्यवहार भी अच्छा नहीं होता। देरी होने पर इन्हें झिड़का जाता है। सामान में नुक्स निकालकर इन्हें दौड़ाया जाता है। आज भारत में इनकी संख्या सवा करोड़ से अधिक है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक इन कामगारों की संख्या दो करोड़ पैंतीस लाख तक हो सकती है। निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र की अनदेखी नहीं की जा सकती। लेकिन फिलहाल स्थिति यह है कि मेहनताने में कटौती, जरा सी चूक पर आर्थिक दंड तथा समय से पहले पहुंचाने के दबाव से गिग-वर्कर्स त्रस्त हैं। मुश्किल परिस्थितियों में काम करते रहने के बावजूद ये कामगार हड़ताल में बड़ी संख्या में भाग नहीं ले पाये।

## राशिफल

मेषः- आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी। बोलने पर संयम रखने से अनर्थ से बच जाएंगे।

वृषभः- आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाएंगे और आनंद में समय व्यतीत होगा।

मिथुनः- अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी। नौकरीपेशा वालों को लाभ होगा।

कर्कः- अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा। पेट दर्द परेशान करेगा। धन खर्च की संभावना है।

सिंहः- आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है। नकारात्मक विचारों से हताशा उत्पन्न होगी।

कन्यारू बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों का डटकर सामना करेंगे।

तुलाः- आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा। अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य खराब होगा।

वृश्चिकः- आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

धनुः- क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

मकरः- आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। व्यापार-धंधे में आय वृद्धि होगी।

कुंभः- हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा। धन प्राप्ति का योग है।

मीनः- आज के दिन की शुरूआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा। व्यर्थ में पैसे खर्च होंगे।

# चांदी के बाजार में चीन का नया खेल

**रजनीश कपूर**

दुनिया के चांदी बाजार में इस समय जो उथल-पुथल दिख रही है, उसमें चीन की नीतियां निर्णायक भूमिका निभा रही हैं और यही स्थिति वैश्विक निवेशकों के लिए गंभीर चेतावनी बन गई है। यह केवल सामान्य उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि आपूध्त, स्टॉकपाइल और निर्यात नियंत्रण के जरिए कीमतों व भावनाओं को प्रभावित करने का जटिल खेल है। 2025 में चीन ने चांदी पर राज्य-नियंत्रित निर्यात लाइसैंसिंग सिस्टम लागू किया, यानी बिना सरकारी मंजूरी के कोई कंपनी चांदी बाहर नहीं भेज सकती। शुरूआत में यह कदम घरेलू उद्योग की सुरक्षा और संसाधन-संरक्षण के नाम पर उठाया गया लेकिन इसका तात्कालिक असर वैश्विक बाजार में आपूर्ति-संकट और तेजी से बढ़ती कीमतों के रूप में दिखा। इसी साल अक्तूबर में चीन ने अचानक रिकॉर्ड 660 टन चांदी एक महीने में निर्यात कर दी, जो इतिहास में सबसे बड़ा मासिक आंकड़ा माना जा रहा है। यह कदम पहले लगाए गए निर्यात नियंत्रणों से उलट था और इसे एक घबराए हुए बाजार को शांत करने तथा वैश्विक कीमतों की दिशा तय करने की कोशिश के रूप में देखा गया। शंघाई फ्यूचर्स एक्सचेंज के आंकड़े दिखाते हैं कि 2021 के आसपास लगभग 3,900-5,000 टन तक पहुंचा चीन का चांदी स्टॉक 2025 के अंत तक गिरकर लगभग 700-800 टन के आसपास ही रह गया। यानी 80-85 प्रतिशत तक की गिरावट। जब दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक खपत वाली अर्थव्यवस्था के गोदाम इस तरह खाली होने लगते हैं और साथ ही निर्यात नीति बार-बार बदली जाती है, तो बाजार में वास्तविक कमी और संचालित कमी के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है। अनुमान है कि 2024 में चीन ने लगभग 3,300 टन चांदी का उत्पादन किया, जबकि घरेलू खपत 19,000 टन के आसपास पहुंच गई, यानी लगभग 15,700 टन का वाघ्षक घाटा। यह संरचनात्मक घाटा और घटते स्टॉकपाइल चीन को नीति के जरिए अंतर्राष्ट्रीय कीमतों और सप्लाई-चेन पर अतिरिक्त दबाव बनाने का मौका देता है। यह पहली बार नहीं है जब चीन किसी महत्वपूर्ण खनिज या धातु की आपूर्ति को भू-राजनीतिक (जियोपॉलिटिक्स) या आघ्थक हथियार की तरह इस्तेमाल किया हो। दुर्लभ धातुओं में 2008-2010 के बीच चीन ने निर्यात पर कोटा और पाबंदियां लगाकर कीमतों को आसमान पर पहुंचा दिया और जापान के साथ विवाद के दौरान सप्लाई रोक कर अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने की कोशिश की थी। कमोडिटी बाजारों में कोर्नरिंग या मैनिपुलेशन की कोशिशों का इतिहास बेहद कड़वा रहा है। 1979-80 में हंट ब्रदर्स ने भारी मात्रा में फ्यूचर्स और भौतिक चांदी खरीदकर दुनिया की एक-तिहाई चांदी पर नियंत्रण करने की कोशिश की, जिससे कीमतें लगभग 6 डॉलर से बढ़कर 50 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गईं। जैसे ही नियामकों ने पोजीशन लिमिट कड़ी की और मार्जन बढ़ाए, बाजार ध्वस्त हुआ, सिल्वर थर्सडे के नाम से मशहूर क्रैश में कुछ ही दिनों में कीमत आधे से भी कम पर आ गई और लाखों निवेशक बर्बाद हुए। इसी तरह, दुर्लभ धातुओं के बाजार में चीन की 2010 की पाबंदियों ने वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को झटका दिया, उनकी लागत अचानक बढ़ गई और निवेश निर्णयों में भारी अनिश्चितता पैदा हुई। ये उदाहरण बताते हैं कि जब भी कोई सरकार या शक्तिशाली समूह किसी कमोडिटी को नियंत्रित करने की हद तक अपने हाथ में लेने लगता है, तो शुरूआती दौर में कीमतें ऊंची होकर लाभ का भ्रम पैदा करती हैं लेकिन अंततरू परिणाम क्रैश और अव्यवस्था के रूप में सामने आते हैं। आज की स्थिति में चांदी की सबसे बड़ा खतरा यह है कि चांदी की मौजूदा तेजी को बिना समझे नई सामान्य स्थिति मान लिया जाए। कई विश्लेषण 80-100 प्रतिशत सालाना बढ़त और 90-170 डॉलर प्रति औंस के संभावित लक्ष्य जैसी




कीमतों में तेज उछाल के पीछे दो समानांतर धाराएं काम कर रही हैं। एक तरफ वास्तविक औद्योगिक मांग, जैसे कि सोलर पैनल, इलैक्ट्रिक वाहन, इलैक्ट्रॉनिक्स, मैडिकल उपकरण, जिसके लिए चांदी लगभग अपरिवर्तनीय है। दूसरी तरफ चीन सहित बड़े खिलाडियों की नीतिगत चालें, जैसे कि निर्यात पर रोक, अचानक बड़े निर्यात और कमोडिटी एक्सचेंजों पर पेपर व फिजिकल बाजार के बीच बढ़ती खाई। भ्रमित हो रहे निवेशकों के लिए इन दिनों बातों का जिक्र कर रहे हैं लेकिन यह भी साफ चेतावनी देते हैं कि यह वित्तीय सलाह नहीं, बल्कि उच्च जोखिम वाले परिदृश्य हैं। ऐसे माहौल में भावनात्मक खरीद, लेवरेज्ड ट्रेडिंग और अफवाह आधारित निर्णय निवेशकों को एक बार फिर से सिल्वर थर्सडे जैसी स्थितियों की ओर धकेल सकते हैं। निवेशकों के लिए जरूरी है कि वे चीन की हर नीति-घोषणा, निर्यात लाइसैंसिंग, टैक्स बदलाव, स्टॉक रिलीज आदि को केवल समाचार नहीं, बल्कि बाजार-रणनीति का हिस्सा समझें।

## कुछ खास...

# पत्रकार से अभद्रता और सही जवाब

पुराने साल के बीतने और नए साल के आने के दरम्यान मध्यप्रदेश से एक



अच्छी और एक बुरी खबर आई। बुरी खबर यह कि देश के स्वच्छतम शहरों में शुमार राज्य की आर्थिक राजधानी इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी की वजह से फैले संक्रमण ने गंभीर रूप ले लिया है। पिछले लगभग एक हफ्ते से दूषित पानी से बीमार होने की खबर आ रही थी। फिर पता चला कि मुख्य जल आपूर्ति लाइन में लीकेज के कारण सीवरेज का पानी मिलने से सैकड़ों लोग उल्टी-दस्त के शिकार हो गए हैं। कम से कम 13 लोगों की तो जान ही जा चुकी है और कई अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में लगातार भाजपा का शासन बना हुआ है। 2018 में कांग्रेस ने चुनाव जीता भी था, लेकिन कमलनाथ सरकार को ज्योतिरादित्य सिंधिया की मदद से भाजपा ने गिरवा दिया और फिर से अपनी सरकार बना ली। इंदौर के सभी 9 विधायक भाजपा से हैं, सांसद भी भाजपा के हैं, महापौर भी भाजपा के हैं और सबसे बढ़कर शहरी विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी भाजपा से ही हैं। इसके बावजूद अगर इतने लोग दूषित जल से मर जाएं, तो फिर नैतिकता यही कहती है कि जिम्मेदार लोगों को फौरन इस्तीफे की पेशकश कर देनी चाहिए। लेकिन मोदीजी के नए भारत में इस्तीफे नहीं होते, ये बात तो खुद राजनाथ सिंह कह चुके हैं। इस नए भारत में जनप्रतिनिधि मीडिया को सवाल पूछने का हक भी नहीं देते हैं, यह बात भी अब मोदी सरकार को और भाजपा को आधिकारिक तौर पर कह देनी चाहिए। क्योंकि लगातार ऐसे प्रकरण हो रहे हैं जिसमें सवाल पूछने वाले पत्रकार से बदसलूकी हो रही है। तो इस बुरी खबर के बीच अच्छी खबर ये है कि भाजपा भले ही सवाल पूछने का हक न दे, लेकिन देश में अभी कुछ पत्रकार बचे हैं जो न केवल सवाल पूछ रहे हैं, बल्कि मंत्री की तरफ से गलत भाषा के इस्तेमाल पर खुल कर विरोध भी कर रहे हैं। दरअसल कैलाश विजयवर्गीय से एनडीटीवी के पत्रकार अनुराग द्वारी ने दूषित जल प्रकरण पर सवाल किए तो उन्होंने झल्लाते हुए कहा कि फोकट के प्रश्न मत पूछो, श्री द्वारी इस पर भी नहीं रुके और उन्होंने प्रतिवाद किया, साथ ही कहा कि मैं वहां होकर आया हूं, तो उन्होंने कहा कि क्या घंटा होकर आए हो। इस निम्नस्तरीय भाषा पर अनुराग द्वारी ने कैलाश विजयवर्गीय को सीधे-सीधे भाषा की तमीज का पाठ पढ़ा दिया और कहा कि वो अपना काम कर रहे हैं, हालांकि इसके बाद भी श्री विजयवर्गीय के साथ के लोगों ने अनुराग द्वारी को ही रोकने की कोशिश की कि हमारे नेता हैं, उनसे ऐसी बात नहीं की जा सकती। दरअसल मोदी-शाह के युग की भाजपा के कई नेताओं को यह खुशफहमी है कि उनसे सवाल नहीं किया जा सकता, या उनकी सरकार की खामियों पर टोका नहीं जा सकता। पूर्व सांसद स्मृति ईरानी ने अमेठी में एक पत्रकार को डपटते हुए कहा था कि मैं आपके मालिक से बात करूंगी। ये सीधे-सीधे पत्रकार को धमकी ही थी और इसमें जितनी गलती नेता की है, उतनी ही गलती उन मीडिया मालिकान की भी है, जो सत्ता से नजदीकी बढ़ाकर अपने लिए वित्तीय, सियासी या अन्य किस्मों के लाभ लेते हैं और बदले में आदर्शों को गिरवी रख देते हैं।

# विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक और मध्य प्रदेश का विजयी अभियान जारी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। गत चैंपियन कर्नाटक ने



बुधवार को यहां ग्रुप ए मैच में पुडुचेरी को 67 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूनार्मेंट में अपना विजयी अभियान जारी रखा। कर्नाटक ने कप्तान मयंक अग्रवाल (132 रन, 124 गेंद, 15 चौके, दो छक्के) और देवदत्त पडिक्कल (113 रन, 116 गेंद, 10 चौके, चार छक्के) के शतक और दोनों के बीच पहले विकेट की 228 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 363 रन बनाए। करुण नायर ने भी 34 गेंद में 62 रन की नाबाद पारी खेली। इसके जवाब में पुडुचेरी की टीम श्याम कंगायान (68) और जयंत यादव (54) के अर्धशतकों के बावजूद 50 ओवर में 296 रन पर आउट हो गई। झारखंड ने शुभम कुमार सिंह के 53 रन पर चार विकेट के बाद सलामी बल्लेबाज उत्कर्ष सिंह की 120 गेंद में नाबाद 123 रन की पारी से तमिलनाडु को नौ विकेट से हरा दिया। झारखंड ने शुभम और सुशांत मिश्रा (51 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी से तमिलनाडु को 45 ओवर में 243 रन पर ढेर कर दिया। तमिलनाडु की ओर से प्रदोष रंजन पॉल (49) और बाबा इंद्रजीत (48) ने उपयोगी पारियां खेलीं। झारखंड ने इसके जवाब में उत्कर्ष और शिखर मोहन (90) के बीच पहले विकेट की 201 रन की साझेदारी से 41 ओवर में एक विकेट पर 244 रन बनाकर जीत दर्ज की। मध्य प्रदेश ने ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर (44 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के बाद यश दुबे (105) के शतक से मध्य प्रदेश को त्रिपुरा पर चार विकेट की जीत के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए त्रिपुरा ने विजय शंकर (91) और श्रीदम पॉल (52) के अर्धशतक से सात विकेट पर 286 रन बनाए। मध्य प्रदेश ने इसके जवाब में दुबे के शतक और शुभम शर्मा की 75 गेंद में 71 रन की पारी से 44 ओवर में छह विकेट पर 287 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मध्य प्रदेश और कर्नाटक दोनों के चार मैच में चार जीत से 16-16 अंक हैं। मध्य प्रदेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है। केरल ने बड़े स्कोर वाले मैच में राजस्थान को दो विकेट से हराया।

राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए करण लांबा (नाबाद 119) के शतक और दीपक हुड्डा (86) के अर्धशतक से सात विकेट पर 343 रन बनाए। केरल ने इसके जवाब में बाबा अपराजित की 126 रन की पारी और कृष्णा प्रसाद (53) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 155 रन की साझेदारी से अंतिम गेंद पर दो विकेट से जीत दर्ज की। ईडन ऐप्पल टॉम ने अंत में 18 गेंद में नाबाद 40 रन की शानदार पारी खेलकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

# सरफराज के 157 रन, मुंबई ने गोवा को 87 रन से हराया

**एजेंसी**

नई दिल्ली। सरफराज खान ने बुधवार को यहां 75 गेंद में 14 छक्कों की मदद से 157 रन की विस्फोटक पारी खेलकर 2025 का अंत शानदार अंदाज में किया जिसकी बदौलत मुंबई की टीम विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप सी मुकाबले में गोवा को 87 रन से हराकर नॉकआउट चरण के करीब पहुंच गई। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शानदार फॉर्म में रहे सरफराज ने 56 गेंद में शतक पूरा किया जो उनका लिस्ट ए क्रिकेट में तीसरा शतक था। मुंबई ने इसकी मदद से आठ विकेट पर 444 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर गोवा को नौ विकेट पर 357 रन पर रोक दिया। यह ग्रुप लीग में मुंबई की लगातार चौथी जीत है। अब बचे हुए तीन मैच में से एक और जीत उसे निश्चित रूप से क्वार्टर-फाइनल में पहुंचा देगी। यशस्वी जायसवाल (46) ने गैस्ट्राइटिस के कारण राष्ट्रीय वनडे चैंपियनशिप के शुरूआती सप्ताह से बाहर रहने के बाद



वापसी की और इसी दिन सरफराज पूरी तरह छाए रहे। उन्होंने गोवा के गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते हुए अपनी पारी के दौरान नौ चौके और 14 छक्के लगाए। सरफराज के 14 छक्कों में से 10 ऑफ स्पिनर ललित यादव (93 रन देकर दो विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर दर्शन मिसाल (98 रन देकर तीन विकेट) के खिलाफ लगे। सरफराज ने ललित पर चार और मिसाल पर छह छक्के जड़े। महान सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन ओवरों में 100 से अधिक रन बनाए। मुशीर खान (60 रन), विकेटकीपर हार्दिक तामोरे (53 रन), शम्स मुलानी (22 रन), तनुष कोटियन (नाबाद 23 रन) और कप्तान शार्दुल ठाकुर (27 रन) ने भी तेज बल्लेबाजी की जिससे विजेता टीम ने कुल 35 चौके और 25 छक्के लगाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गोवा कभी भी मुकाबले में नहीं दिखी। हालांकि ललित यादव (64), अभिनव तेजराणा (100) और दीपराज गायकवाड़ (70) ने मध्य ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी की। लेकिन लक्ष्य इतना बड़ा था कि उनकी पारी नाकाफी रही। कप्तान शार्दुल ठाकुर ने सपाट पिच पर एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित करते हुए छह ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिए।

# घरेलू बाजारों में 2026 के पहले कारोबारी सत्र तेजी, सेंसेक्स 200 अंक से अधिक चढ़ा

**एजेंसी**

नई दिल्ली। घेरलू बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी ने 2026 के पहले कारोबारी सत्र की शुरूआत आशावादी रुख के साथ की। बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 223.54



अंक चढ़कर 85,444.14 अंक पर जबकि एनएसई निफ्टी 65.75 अंक की बढ़त के साथ 26,195.35 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से इंटरग्लोब एविएशन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर सबसे ज्यादा लाभ में रहे। दूसरी ओर, आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रेंट और बजाज फाइनेंस के शेयर नुकसान में रहे। एशियाई बाजार बृहस्पतिवार को बंद रहेंगे। वहीं अमेरिकी बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60.85 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बुधवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,597.38 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 6,759.64 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# खुदरा कर्ज में चूक का बड़ा हिस्सा बिना गारंटी वाले कर्ज का निजी बैंक आगे: आरबीआई

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि क्रेडिट कार्ड और व्यक्तिगत ऋण जैसे असुरक्षित माने जाने वाले कर्जों के पुनर्भुगतान में चूक अब कुल खुदरा कर्ज पुनर्भुगतान चूक का आधा से अधिक हो चुकी है। आरबीआई की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, निजी क्षेत्र के बैंकों में इस तरह के असुरक्षित कर्जों में दबाव सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की तुलना में अधिक देखा जा रहा है। हालांकि, समग्र स्तर पर बिना गारंटी वाले खुदरा कर्ज का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात 1.8 प्रतिशत पर बना हुआ है जो कुल खुदरा कर्जों के 1.1 प्रतिशत एनपीए अनुपात के मुकाबले अभी भी स्थिर माना गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, असुरक्षित खुदरा कर्जों में चूक के मामले अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के कुल खुदरा कर्ज चूक का 53.1 प्रतिशत रहे। वहीं बैंक समूहों के बीच, निजी बैंकों की हिस्सेदारी इसमें सबसे अधिक रही। आरबीआई ने कहा कि निजी बैंकों के कुल कर्ज भुगतान चूक में 76 प्रतिशत हिस्सा बिना गारंटी वाले कर्ज का रहा, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में यह हिस्सेदारी सिर्फ 15.9 प्रतिशत रही। केंद्रीय बैंक ने इस क्षेत्र में वित्तीय-प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों की भूमिका का भी उल्लेख करते हुए कहा कि जिन उधारकताओं ने पांच या उससे अधिक संस्थानों से बिना गारंटी वाले कर्ज ले रखे हैं, उनमें कर्ज चुकाने में कमजोरी ज्यादा पाई गई। रिपोर्ट के अनुसार, फिनटेक कंपनियों के कुल कर्ज पोर्टफोलियो में 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बिना गारंटी वाले कर्ज का है और इनमें से आधे से अधिक कर्ज 35 वर्ष से कम उम्र के कर्जदारों को दिए गए हैं। सितंबर 2024 से सितंबर 2025 के बीच फिनटेक कंपनियों के कर्ज में 36.1 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें व्यक्तिगत कर्ज का हिस्सा सबसे अधिक रहा।










Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
RISHABH SINGH VISHEN
युवा नेतृत्व रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान
उड़ान


Si न्यूज़
ICON AWARDS 2026
RUBEE KORI
[ ICONIC DANCER ]
Friday
09 JAN
11:30 AM
चित्रगुप्त सभागार, श्री चित्रगुप्त मन्दिर मार्ग, बक्शीपुर, गोरखपुर
www.sinews.in | info@sinews.in | Social @ swadeshiincredible


Si न्यूज़
ICON AWARDS 2026
RUCHI KORI
[ ICONIC DANCER ]
Friday
09 JAN
11:30 AM
चित्रगुप्त सभागार, श्री चित्रगुप्त मन्दिर मार्ग, बक्शीपुर, गोरखपुर
www.sinews.in | info@sinews.in | Social @ swadeshiincredible


Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
SHIVAMBUJ PATEL
रक्तवीर रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान
उड़ान


Si न्यूज़
ICON AWARDS 2026
WINNER
SHUBHAM GURUNG
[ SI NEWS ICON AWARDS 2025, DANCER ]
Friday
09 JAN
11:30 AM
चित्रगुप्त सभागार, श्री चित्रगुप्त मन्दिर मार्ग, बक्शीपुर, गोरखपुर
www.sinews.in | info@sinews.in | Social @ swadeshiincredible


Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
SHWETA MISHRA
निस्वार्थ सेवा रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान
उड़ान


Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
SHWETA RAI
ICONIC INFLUENCER
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान
उड़ान


Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
SURBHI SINGH
NATIONAL LEVEL UNDER 19 BADMINTON PLAYER
खेल रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान
उड़ान


Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
UPENDRA KU. SINGH
SI, CYBERCELL, GORAKHPUR
साइबर रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान
उड़ान



Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
GARIMA SINGH
ROBIN HOOD ARMY, GORAKHPUR
जनसेवा रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान




Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
HARSH KUMAR
स्वर प्रतिभा रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान




Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
ISHA JAISWAL
DIRECTOR OF SENSONEO SOLUTIONS PTV. LTD.
स्वावलंबन रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान




Si न्यूज़
ICON AWARDS
HARAN RAWAT
[ ICONIC DANCER ]
Friday
09 JAN
11:30 AM
चित्रगुप्त सभागार, श्री चित्रगुप्त मन्दिर मार्ग, बक्शीपुर, गोरखपुर
www.sinews.in | info@sinews.in | Social @ swadeshiincredible




Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
KRANTI SINGH
KPS GIRLS INTER COLLEGE
ATHLETICS COACH
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान




Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
MANPREET KAUR
MK PROFESSIONAL SALON & ACADEMY, GORAKHPUR
MAKEUP ARTIST
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान




Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
RAHUL GAUR
स्टार्टअप रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान




Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
RAJ KUMAR SINGH
APPROVED ARTIST OF ALL INDIA RADIO (AIR) & DOORDARSHAN FILM AND TELEVISION ARTIST
कवि रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान




Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
RAJAT CHOUDHARY
सामाजिक न्याय रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान


Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
DHEERAJ GUPTA
SARV SAMAJ SEWA SANSTHAN, GORAKHPUR
समाज सेवा रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान
उड़ान


Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
DR. SHOBHIT KU. SRIVASTAVA
पर्यावरण रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान
उड़ान


Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
DR SRIJAN SRIVASTAV
MDS (FACE SURGERY)
आरोग्य रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान
उड़ान


Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
ARPIT KASAODHAN
युवा सेवा रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान
उड़ान


Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
AZAHARUDDIN ANSARI
यातायात रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान
उड़ान


Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
DEEPIKA SINGH
DIRECTOR OF ATRANGI KALAKARI
टेराकोटा कला रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान
उड़ान


Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
ANKIT YADAV
भ्रमण रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान
उड़ान


Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
ANURAG MAURYA
ICONIC INFLUENCER
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान
उड़ान


Si न्यूज़
AWARDEES
HONORING LOCAL HEROS
ICON AWARDS 2026
DR. APARNA MISHRA
CAPTAIN, ANO, NCC, C.R.D.A.M.P.G. COLLEGE
नेतृत्व रत्न
Hearty congratulations on your selection as an awardee at the S.I. News Awards Ceremony.
9 जनवरी 2026 | Gorakhpur
उड़ान
उड़ान

# समाज को जोड़ने वाले संगठन ही समाज के लिए सर्वोपरि : पंकज चौधरी

- ऑल इंडिया उर्स कमेटी ने पंकज चौधरी के गोरखपुर आवास पर किया स्वागत,अभिनंदन
- पंकज चौधरी संगठनात्मक तरीके से सभी को एक साथ लेकर चलने में सक्षम : लड्डन खान




गोरखपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के गोरखपुर प्रथम आगमन पर ऑल इण्डिया उर्स कमेटी के अध्यक्ष मुहम्मद रजा लड्डन खान, प्रमुख महासचिव मुर्तजा हुसैन रहमानी, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी खुर्शीद आलम और गोरखपुर के जिलाध्यक्ष महमूद अंसारी ने उनके गोरखपुर आवास पर पहुंचकर अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया। ऑल इण्डिया उर्स कमेटी द्वारा किए गए सम्मान और अभिनन्दन से अभिभूत होकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि हर पल हर क्षण सभी के लिए मेरे द्वार खुले हुए हैं। उन्होंने ऑल इण्डिया उर्स कमेटी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे ही संगठन समाज को जोड़ने में महती भूमिका निभाकर समाज की दिशा और दशा को बदलने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को एक साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति और संगठन ही समाज के लिए सर्वोपरि होते हैं।

इस अवसर पर ऑल इण्डिया उर्स कमेटी के अध्यक्ष मुहम्मद लड्डन खान ने भाजपा के नवागत प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत व अभिनन्दन करते हुए कहा कि पंकज चौधरी अपने पार्षदी के दौर से ही एक संगठनात्मक तरीके से सभी को एक साथ लेकर चलने में सक्षम रहे हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि आज वह सांसद से लेकर केन्द्रीय मंत्री और वर्तमान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के पद पर सुशोभित हैं। उक्त के क्रम में हाजी खुर्शीद आलम ने कहा कि भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत करना हम सभी का सौभाग्य है। पंकज चौधरी अपने पुराने संबंधों को बाखूबी निभाना जानते हैं। जिलाध्यक्ष महमूद अंसारी ने पंकज चौधरी का स्वागत करते हुए कहा कि पंकज चौधरी के नेतृत्व में सभी को सम्मान मिलेगा। वहीं मुर्तजा हुसैन रहमानी ने कहा कि पंकज चौधरी का नेतृत्व गोरखपुर क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। मौके पर इसरार आलम, सैयद रेहान, मारूफी, मुहम्मद शमीम, आमिर रजा, रहमतुल्लाह, इरफान अली, महफूज आलम, शकील, रमजान, अहमद अली, तनवीर खान आदि मौजूद रहे।

# गोलू गुप्ता के नाबाद शतकीय पारी से जीता नीना थापा क्रिकेट एकेडमी

हॉक स्पोर्ट्स माउंट लिट्रा जी स्कूल कुसम्ही के मैदान पर चल रहे हॉक स्पोर्ट्स विंटर कप नीना थापा क्रिकेट एकेडमी और हॉक स्पोर्ट्स के बीच दूसरा मैच खेला गया। जिसमें हॉक स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हॉक स्पोर्ट्स ने निर्धारित 35 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 208 रनों का स्कोर बनाया। जिसमें अमन यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 103 गेंदों पर 18 चौकें और एक छक्के की मदद से नाबाद 113 रनों कि शतकीय पारी खेला। और प्रभात गोंड ने 48 रन, आर्यन चौहान ने नाबाद 8 रनों का योगदान दिया। नीना थापा क्रिकेट एकेडमी कि तरफ से गेंदबाजी करते हुए अंकित राजभर, आरुष कुमार और अनूप कुशवाहा ने एक - एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीना थापा क्रिकेट एकेडमी ने मात्र 25.1 ओवरों में ही 209 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया। जिसमें गोलू गुप्ता नाबाद बल्लेबाजी करते हुए 100 रनों का शतकीय पारी खेला जिसमें 85 गेंदों पर 15 चौके और एक छक्के लगाए और पीयूष यादव ने 29 रन, प्रिंस कुशवाहा ने नाबाद 21 रन, और अर्णव निषाद ने 15 रनों का योगदान दिया। हॉक स्पोर्ट्स कि तरफ से गेंदबाजी करते हुए केशव सिंह और शौर्य पाण्डेय ने एक - एक विकेट लिया। इस मैच का प्लेयर ऑफ द मैच ट्रॉफी गोलू गुप्ता को शानदार शतकीय बल्लेबाजी के लिए दिया गया। इस जीत के साथ नीना थापा क्रिकेट एकेडमी 7 मैचों के सीरीज में 1 - 1 से बराबरी किया।



# विश्व हिन्दू परिषद के दीपेश बने गोरक्षप्रान्त के संगठन मंत्री

गोरखपुर। आज विश्व हिन्दू परिषद कीआवश्यक बैठक मांगीरिश सम्पर्क कार्यालय,सिविल लाइन में सम्पन्न हुई। जिसमें हिन्दू एवं हिंदुत्व की रक्षा के लिए आगामी दिनो में के लिए विशेष योजना बनायी गयी। इस बैठक में नवनियुक्त प्रांत संगठन मंत्री दीपेश जी का भव्य स्वागत कर सम्मानित सम्मानित किया गया। दीपेश जी ने कहा कि गुरू गोरखनाथ की तपो भूमि में आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं एक संगठन का समर्पित कार्यकर्ता हूं एवं पूरा जीवन संगठन के लिए देने का संकल्प लिया है। इस बैठक में प्रांत मंत्री श्रीमान नागेन्द्र जी ,महानगर संगठन मंत्री सोमेश जी, विभाग संयोजक विनोद जी ,विभाग मंत्री शीतल जी, जिला मंत्री ई० संजीत एवं बड़ी संख्या स्वयंसेवी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने कुम्हार सहशक्तिकरण हेतु एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

गोरखपुर। मंडलीय कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, गोरखपुर द्वारा ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत कुम्हार सहशक्तिकरण कार्यक्रम विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अलाउद्दीन, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के सहायक निदेशक श्री मुकेश कुमार श्रीवास्तव सहित श्रीराम, दीपक कुमार मीणा, अर्जुन वर्मा, उमाशंकर शर्मा, बैजनाथ प्रजापति, सीएफसी अध्यक्ष श्री संजय जी, कुम्हार कारीगरों एवं क्षेत्र के आमजन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान आयोग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें ग्रामोद्योग विकास योजना, कुम्हारों के लिए उपलब्ध प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, विपणन सहयोग तथा स्वरोजगार से संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित कुम्हार कारीगरों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कुम्हार कारीगरों की आजीविका सशक्त करने में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की भूमिका की सराहना की तथा अधिक से अधिक लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ सफलतापूर्वक किया गया।




# सुधीर हत्याकांड : हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, उपलब्ध कराई पिस्टल से हुई थी हत्या- एक की तलाश जारी

**संवाददाता**

गोरखपुर। सुधीर हत्याकांड में पिपराइच पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस हत्याकांड में शामिल हिस्ट्रीशीटर पवन राजभर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश अभी जारी है। पुलिस अब तक इस मामले में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। बीते 26 दिसंबर को कोऑपरेटिव इंटर कॉलेज के खेल मैदान में 11वीं के छात्र सुधीर उर्फ भोला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने दयानंद उर्फ छोटू, ऋतिक रोशन उर्फ रोशन, उदय उर्फ किशन कुमार, दीपक और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया था। पुलिस मामले में नामजद आरोपी विनय कुमार और असलहा उपलब्ध कराने वाले हिस्ट्रीशीटर पवन राजभर की तलाश में जुटी थी। इस बीच पुलिस ने पवन राजभर को बुधवार को इलाके से ही गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अतुल श्रीवास्तव के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में कुल 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या की कोशिश, आर्म्स एक्ट और अन्य संगीन धाराएं शामिल हैं। उसका नाम पहले भी हत्या के दो मामलों में सामने आ चुका है। पुलिस के मुताबिक, जांच में सामने आया है कि इसी आरोपी ने हत्याकांड में शामिल शूटरों को पिस्टल उपलब्ध कराई थी। इतना ही नहीं, हत्या की साजिश में शामिल छोटू और रोशन को वारदात से पहले अपनी बाइक से कुशीनगर के बोदरवार छोड़ने भी गया था। आरोपी ने न सिर्फ हथियार उपलब्ध कराया, बल्कि पूरे हत्याकांड में सक्रिय भूमिका निभाई। एसपी नार्थ ज्ञानेंद्र ने बताया कि आरोपी लंबे समय से कानून की आंखों में धूल झोंकने में माहिर रहा है। उसके खिलाफ दर्ज किसी भी एफआईआर में वह अब तक कभी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया था। हर बार वह या तो अदालत से गिरफ्तारी पर रोक का आदेश ले आता था या फिर अंतिम समय में कोर्ट में आत्मसमर्पण कर देता था। इस बार भी वह अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में सरेंडर करने की कोशिश में था लेकिन पुलिस ने समय रहते उसे धर दबोचा। यह पहला मौका है जब आरोपी को कोर्ट में सरेंडर से पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी नार्थ का कहना है कि सुधीर हत्याकांड की कड़ियां अभी पूरी तरह जुड़ी नहीं हैं। एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है, जो वारदात के बाद से भागा है।



# Organizations that unite society are paramount for society: Pankaj Chaudhary

**-All India Urs Committee welcomes and felicitates Pankaj Chaudhary at his Gorakhpur residence**

**-Pankaj Chaudhary is capable of bringing everyone together in an organized manner: Luddan Khan**

Gorakhpur. On the occasion of BJP State President Pankaj Chaudhary's first visit to Gorakhpur, All India Urs Committee President Muhammad Raza Luddan Khan, Principal General Secretary Murtaza Hussain Rahmani, State Vice President Haji Khurshid Alam, and Gorakhpur District President Mahmood Ansari visited his Gorakhpur residence and welcomed and felicitated him by presenting him with a shawl and a memento. Overwhelmed by the honor and felicitation bestowed upon him by the All India Urs Committee, BJP State President Pankaj Chaudhary said that his doors are open to everyone at all times. He praised the All India Urs Committee, saying that such organizations play a vital role in uniting society and changing its direction and condition. He said that individuals and organizations that bring everyone together are paramount for society."On this occasion, All India Urs Committee President Muhammad Luddan Khan welcomed and felicitated the newly appointed BJP State President Pankaj Chaudhary, saying that Pankaj Chaudhary has been capable of bringing everyone together in an organized manner since his days as a councilor. He said that this is the reason why he currently holds the positions of Member of Parliament, Central Minister, and now BJP State President."In this regard, Haji Khurshid Alam said that it is an honor for all of us to welcome the new BJP State President Pankaj Chaudhary. Pankaj Chaudhary knows how to maintain his old relationships well."District President Mahmood Ansari welcomed Pankaj Chaudhary, saying that everyone will receive respect under his leadership. Murtaza Hussain Rahmani said that Pankaj Chaudhary's leadership is a matter of pride for the Gorakhpur region."Present on the occasion were Israr Alam,




Syed Rehan, Marufi, Muhammad Shamim, Amir Raza, Rehmatullah, Irfan Ali, Mahfooz Alam, Shakeel, Ramzan, Ahmed Ali, Tanveer Khan, and others.

# Supreme Court denies Umar Khalid, Sharjeel, Imam Bail

NEW DELHI: Holding that delay in trial and long incarceration cannot be a "trump card" to get bail in UAPA offences and that a court cannot treat liberty of an accused as the sole criterion and societal security as peripheral, Supreme Court Monday rejected bail pleas of student activists Umar Khalid and Sharjeel Imam in the Delhi riots case but granted relief to other five co-accused — Gulfisha Fatima, Meeran Haider, Shifa-ur-Rehman, Mohd Saleem Khan and Shadab Ahmad. Khalid and Imam, who along



with others have been in jail for over five years, may have to spend another year in prison as the bench of Justices Aravind Kumar and N V Anjaria said they can apply afresh after a year or after all protected witnesses have been examined, whichever is earlier. Granting bail is the discretionary power of a court and the outcome of a bail plea largely depends on the approach of a bench and that perhaps explains inconsistency of Supreme Court's in the recent past in deciding cases, particularly those related to serious offences under special acts like PMLA and UAPA which provide stringent bail conditions..

## Deepesh of Vishva Hindu Parishad appointed as Organizing Secretary of Gorakhpur Province

Gorakhpur. An important meeting of the Vishva Hindu Parishad was held today at the Mangirish Contact Office in Civil Lines. Special plans were made for the coming days to protect Hinduism and Hindutva. In this meeting, the newly appointed Provincial Organizing



Secretary, Deepesh ji, was given a grand welcome and honored. Deepesh ji said that it is a great honor for him to be in the land of penance of Guru Gorakhnath. He said that he is a dedicated worker of the organization and has resolved to dedicate his entire life to the organization. Present at the meeting were Provincial Secretary Shri Nagendra ji, Metropolitan Organizing Secretary Somesh ji, Divisional Convenor Vinod ji, Divisional Secretary Sheetal ji, District Secretary Engineer Sanjeet, and a large number of volunteers and workers.

# 2.89 cr voters removed from draft electoral foll, 46.53 lakh declared dead

NEW DELHI: Uttar Pradesh's chief election officer Navdeep Rinwa on Tuesday said approximately 2.89 crore voters were removed from Uttar Pradesh's draft electoral roll published after the ongoing special intensive revision (SIR). Addressing a press conference, Rinwa said the Election Commission received around 12.5 crore ballot papers during the exercise. He added, "The number of deceased voters is 46.23 lakh, and 2.17 crore voters have moved, are



missing or are absent. 25.47 lakh voters' names appeared in more than one place. 2.89 crore voters' names were not included in the draft." According to the CEO, out of 15.44 crore voters, the names of 12.55 crore voters (81.30 per cent) have been retained in the draft electoral roll after the SIR. Rinwa said the final voter list under SIR will be issued on March 6, 2026. Urging voters to verify their details, he said, "Voters should check their details by entering their EPIC number on the website. I urge voters to do so. If their name is not available, they should fill out Form 6." The Election Commission had extended the publication of the draft electoral roll by a week, revising the schedule for the SIR. With January 1 as the qualifying date, the draft roll to be published on January 6, instead of the earlier December 31 deadline. As per the revised timeline, the claims and objections period will run from January 6 to February 6, 2026. The SIR exercise in UP has missed multiple deadlines, with the enumeration deadline initially set for December 4 and subsequently extended twice.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, शक्ति शंकर द्वारा फाईन आफसेट प्रिंटर्स मदरसा हुसैनिया बिल्डिंग बक्शीपुर, जनपद–गोरखपुर से मुद्रित कराकर, मुहल्ला–द्वितीय तल पुष्पांजलि काम्प्लेक्स शाही मार्केट, गोलघर, जनपद–गोरखपुर से प्रकाशित।

प्रधान संपादक :

शक्ति शंकर

मो नं. 7233999001

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गोरखपुर न्यायालय होगा।